प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

********************

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत–अमरीका अंतरिम व्यापार समझौते के अंतर्गत भारतीय निर्यात पर लगने वाला 50 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क घटाकर अब 18 प्रतिशत हो गया है। नई दिल्ली में भारत–अमरीका संयुक्त वक्तव्य पर संवाददाताओं को जानकारी देते हुए श्री गोयल ने कहा कि यह समझौता देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र की रक्षा करता है। इससे, मसाले, चाय, कॉफी, काजू, शाहबलूत, एवोकैडो, केला, आम, कीवी और पपीता जैसे कृषि उत्पादों पर अमरीका में कोई शुल्क नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यापार समझौते का देश के सभी क्षेत्रों में स्वागत किया गया है।

********************

केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने आज जमशेदपुर में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय बजट 2026 – 27 को लेकर देश और झारखंड को मिली सौगातों की विस्तृत जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बजट में रोजगार को बढ़ावा देने, पर्यटन को प्रोत्साहित करने और गंभीर बीमारियों की दवाइयों के दामों में कमी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार का यह बजट आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ–साथ झारखंड के विकास को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

********************

23 फरवरी को होने वाले झारखंड नगर निकाय चुनाव के लिए सभी प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। साहिबगंज नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए सभी प्रत्याशियों को उनके चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। साथ ही निर्वाचन आयोग की चुनाव नियमावली और परिचय पत्र का भी आवंटन किया गया। साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के लिए कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। नगर परिषद अध्यक्ष पद के निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता गौतम भगत ने प्रत्याशियों को आचार संहिता और भ्रष्ट आचरण से बचने का निर्देश देते हुए दस्तावेज चुनाव चिन्ह प्रत्याशियों को दिया।

********************

खूंटी में तोरपा विधानसभा क्षेत्र की जर्जर, लंबित और प्रस्तावित सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण को लेकर विधायक सुदीप गुड़िया ने झारखंड मंत्रालय पहुंचकर पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख से मुलाकात की और क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।

********************

हजारीबाग के बरही में दर्दनाक सड़क हादसा में एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि पांच मैट्रिक परीक्षार्थी घायल हो गए हैं। घटना बरही थाना क्षेत्र के पंचमाधव स्थित जीटी रोड की है मैट्रिक परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों से भरी एक मिनी बस ने बाइकसवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बाद बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराइ जिससे ये घटना घटी। चिकित्सकों के अनुसार सभी छात्र खतरे से बाहर हैं.

********************

हजारीबाग में बाइक सवार तीन अपराधियों ने जेवर दुकान में लूट की घटना को अंजाम दिया। बड़कागांव स्थित डेली मार्केट के पास जेवर दुकानदार से 25 लाख के जेवरात लेकर बदमाश फरार हो गए। भागते वक्त बदमाशों ने फायरिंग की जिससे कारोबारी घायल हो गया। दुकानदार के अनुसार बाइक पर तीन की संख्या में आए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया । पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में नाकाबंदी कर तलाशी कर रही है।

********************

देश के उत्तरी राज्यों में हो रही बर्फबारी के कारण राजधानी रांची सहित राज्य भर में इन दिनों रात को तापमान में गिरावट आयी है। वहीं धूप की तपिश के चलते दिन में गर्मी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज चाईबासा में अधिकतम तापमान बढ़कर 32 डिग्री सेल्सियस, जबकि गुमला में न्यूनतम तापमान गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

*******समाप्त************